प्रेस विज्ञप्ति-27 जुलाई 2016

15 वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड बैठक

27 जुलाई 16 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली के उपभवन में 15वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड का आयोजन किया गया । डॉ हर्षवर्धन, माननीय केंद्रीय मंत्री भू-विज्ञान उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे तथा उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय समुद्री सूचना सेवा केंद्र द्वारा विकसित एवं डिजाइन खोज एवं बचाव सहायता उपकरण का उद्घाटन किया ।



डॉ हर्षवर्धन माननीय मंत्री, भू-विज्ञान खोज एवं बचाव सहायता उपकरण का उद्घाटन करते हुए

बैठक को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने उपयोगी तकनीक का विकास करने के लिए भारतीय तटरक्षक एवं इनकाइस के प्रयासों की सराहना की तथा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए नवीन तकनीक का प्रयोग करने का परामर्श दिया ।

महानिदेशक, राजेंद्र सिंह, पीटीएम, टीएम, महानिदेशक भारतीय तटरक्षक एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय समुद्री खोज व बचाव बोर्ड ने बैठक की अध्यक्षता की । नीतियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने, दिशा-निर्देशों एवं कार्यविधि की रूपरेखा तैयार करने तथा राष्ट्रीय खोज एवं बचाव योजनाओं के अद्यतन की सिफारिशों पर चर्चा करने के लिए बोर्ड की वार्षिक बैठक की जाती है ।

<u>**राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड के अध्यक्ष उद्घाटन वक्तव्य देते हुए**</u>

अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष ने खोज एवं बचाव संबंधित आधारभूत संरचनाओं एवं सेवाओं में सुधार हेतु भारतीय तटरक्षक द्वारा किये गये विभिन्न प्रयासों पर बल दिया । इन्होंने भारतीय खोज एवं बचाव क्षेत्र में खोज एवं बचाव संबंधित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से निष्पादित करने के लिए विभिन्न संसाधन एजेंसियों को मजबूत करने की आवश्यकता तथा एक-दूसरे के बीच पारस्परिक सहयोग पर विशेष बल दिया ।

प्रत्येक वर्ष वाणिज्य पोतों, सरकारी पोतों एवं मछुवारों के खोज एवं बचाव प्रयासों को एनएमसार बोर्ड मान्यता देता है ।

भारतीय तटरक्षक ने 8 मानवजीवन को बचाने के लिए एमवी हफनीया एशिया को खोज एवं बचाव पुरस्कार प्रदान किया । भारतीय तटरक्षक ने मछुवारों में मि. मोका नगाना को 04 बहुमूल्य मानव जीवन बचाने के लिए खोज एवं बचाव पुरस्कार प्रदान किया । सरकारी श्रेणी में एसॉर सार पुरस्कार संयुक्त रूप से सीएसजी (तटीय पुलिस) बोट एफआईबीटीएनएमपी-12-01 को 8 जीवन बचाने तथा भा.त.पो. सी-410 को 19 जीवन बचाने के लिए पुरस्कृत किया गया ।

<u>अध्यक्ष एनएमएसएआरबी, श्री मोका नगाना को मछुवारों का खोज एवं बचाव पुरस्कार प्रदान करते हुए</u>

भारतीय तटरक्षक, समुद्री खोज एवं बचाव क्षेत्र में केंद्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करती है । इसने अपनी स्थापना से अब तक 2023 वायु उड़ानों एवं 2389 पोत अभियानों द्वारा 2410 खोज एवं बचाव मिशनों को अंजाम दिया है । परिणामस्वरूप 7116 जीवन बचाये गये है । पिछले 01 वर्ष के दौरान 637 महत्वपूर्ण मानव जीवन में से भारतीय तटरक्षक ने स्वतंत्र रूप से 312 मानव जीवन तथा शेष 325 मानव जीवन मछुवारों, वाणिज्य नाविकों एवं अन्य संसाधनों के सहयोग से बचाये गये हैं ।